सुविचार
इंसान तो हर घर में पैदा होते हैं, बस इंसानियत कहीं कहीं जन्म लेती है।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-45 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 15 दिसम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## दण्ड से बचने के लिए रिश्वत या उपहार देना कब अपराध होता है जानिए /legal advice...

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 213 में बताया गया था की जो कोई व्यक्ति किसी अपराधी से उसे छुपाने या बचाने के लिए रिश्वत या उपहार लेता है वह इस धारा के अंतर्गत अपराधी होगा लेकिन जो अपराधी या कोई व्यक्ति अपराधी को छुपाने के लिए या स्वयं छिपने के लिए रिश्वत या उपहार देता है उस व्यक्ति पर किस कानून के अंतर्गत मामला दर्ज होगा जानिए 7

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 214 की परिभाषा ?**



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

जो कोई व्यक्ति स्वयं को बचाने या किसी अन्य को बचाने, छिपाने के लिए कोई रिश्वत ,उपचार, संपत्ति, पैसा देता है वह व्यक्ति भारतीय दण्ड संहिता की धारा 214 के अंतर्गत दोषी होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 214 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान ?**

इस धारा के अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है **सजा-** इस धारा के अपराध की सजा को निम्न भागों में बांटा गया है-

1. मृत्यु दण्ड से दण्डित अपराधी को रिश्वत लेकर बचाने पर या स्वयं बचने के लिए उपहार देने पर- अधिकतम सात वर्ष की कारावास या जुर्माना से दण्डित होगा।
2. आजीवन कारावास से लेकर दस वर्ष की कारावास से दण्डित अपराध के अपराधी को बचाने या छुपाने के लिए या स्वयं बचने के लिए उपहार देने पर अधिकतम तीन वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।
3. दस वर्ष से कम अपराध की सजा से दण्डित अपराधी को बचाने या छुपाने के लिए या स्वयं बचने के लिए उपहार देने पर अधिकतम कुल अपराध की सजा से एक चौथाई सजा या जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

## अनुसूचित जनजाति के सदस्यों की भूमि का नामांतरण कब रद्द किया जा सकता है जानिए/legal advice....

मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता,1959 की धारा 165(5) में बताया गया है कि कोई गैर आदिवासी व्यक्ति अगर आदिवासी व्यक्ति की भूमि खरीदता है तो उसे कलेक्टर से अनुमति लेनी पड़ती है अगर वह जिला कलेक्टर से अनुमति नहीं लेता है तो उसके द्वारा खरीदी गई भूमि अवैध कब्जा में आएगी। लेकिन कोई गैर आदिवासी व्यक्ति कलेक्टर से अनुमति लेने के बाद आदिवासी समुदाय की जमीन खरीद लेता है तब वह जमीन खरीदने के बाद भी कब शून्य(अवैध खरीदी) मानी जाएगी जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 170 (ख) की परिभाषा?**

जब कोई भूमि गैर आदिवासी व्यक्ति आदिवासी समुदाय के सदस्य से किसी छल, कपट, धोखाधड़ी या किसी लोभ लालच देकर कलेक्टर की अनुमति से खरीद लेता हैं। तब कोई भी आदिवासी व्यक्तिगत उपखण्ड अधिकारी को आवेदन देकर ऐसी जाँच करवा सकता है अगर उपखण्ड अधिकारी(एसडीओ) को लगता है की गैर आदिवासी व्यक्ति ने कपट या धोखे से आदिवासी व्यक्ति की भूमि खरीदी हैं तब जाँच के बाद उपखण्ड अधिकारी ऐसी भूमि का अन्तरण शून्य या अवैध कर सकता है।

# मोहन यादव ने ली मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री पद की शपथ

## जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला बने डिप्टी सीएम



**भोपाल।** सीएम मोहन यादव के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पीएम मोदी गह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, यूपी के सीएम योगी, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, और विधानसभा स्पीकर नरेंद्र तोमर मंच पर मौजूद रहे. इन सभी गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में मोहन यादव ने सीएम तो जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला ने डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ ली.नए सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में राज्य के पुराने सीएम शिवराज सिंह ने हाथ हिलाते हुए जनता का अभिवादन किया। मोहन यादव पहली बार 2013 में उज्जैन दक्षिण से विधायक चुने गए थे. इसके बाद 2018 और फिर 2023 में भी विधानसभा सीट पर जीत हासिल की. वह शिवराज कैबिनेट में उच्च शिक्षा मंत्री रह चुके हैं. बीजेपी आलाकमान ने शिवराज सिंह चौहान के बाद अब उनको राज्य की सत्ता सौंपी है. मध्य प्रदेश में मोहन यादव (ओबीसी) का प्रतिनिधित्व करते हैं. उनके डिप्टी के तौर पर जगदीश देवड़ा (दलित) और राजेंद्र शुक्ला (ब्राह्मण) समुदाय का नेतृत्व कर रहे हैं. जबकि पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के रूप में एक ठाकुर को भी सरकार में जगह दी गई है. नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा का स्पीकर बनाया गया है।

### जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला डिप्टी CM

छत्तीसगढ़ के सीमा पार भी बीजेपी आदिवासी वोटों पर कड़ी नजर रख रही है. पार्टी ने एसटी उम्मीदवारों के लिए रिजर्व 47 विधानसभा सीटों में से 24 पर जीत हासिल की. राज्य की डेमोग्राफिक मेकअप में कम महत्वपूर्ण इस समुदाय को खुश करने के लिए बीजेपी ने जगदीश देवड़ा को डिप्टी सीएम चुना है. जबकि ब्राह्मण चेहरे राजेंद्र शुक्ला को दूसरा डिप्टी सीएम बनाया गया है. ऐसा करके बीजेपी ने राज्य में उच्च जाति के मतदाताओं को खुश रखने की संतुलित कोशिश की है।

## बाघों की दहशत बीच कूनो उत्सव, चीतों के भी दीदार की तैयारी!

**ग्वालियर।** चीतों की धरती पर 17 दिसंबर से शुरू होने जा रहे कूनो उत्सव में बाघों की दहशत है। चीतों की मौजूदगी के साथ पहली बार आयोजित होने जा रहे कूनो महोत्सव के लिए अभी बड़े बाड़े में मौजूद जिन चीतों को खुले जंगल में छोड़ने की तैयारी की जा रही है, वह अब जंगल में नहीं छोटे बाड़े में छोड़े जाएंगे। 16 दिसंबर को एक से दो चीतों को छोटे बाड़े में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसके बाद धीरे-धीरे संख्या बढ़ाएंगे। कूनो नेशनल पार्क में बाघों की मौजूदगी के निशान खत्म न होने पर कूनो प्रबंधन की यही तैयारी है। बाघों की मौजूदगी से चीतों की ट्रैकिंग में लगे वनरक्षक भी भयभीत हैं, हाल ही में अलग-अलग जगहों पर बाघों की मौजूदगी देखी गई जिनकी संख्या एक या दो नहीं तीन बताई जा रही है। नेशनल पार्क के पालपुर, दुरेड़ी, नीमखोह और मानक चौक इन क्षेत्रों में बाघों को देखा गया है, जो पार्क के बीचों बीच है। यहां से चीतों का बड़ा बाड़ा भी पास है, इसलिए वन अधिकारी चिंता में हैं। कूनो उत्सव 16 से 23 दिसंबर तक है, जिसके पूरे होने के बाद अगर बाघों का मूवमेंट नहीं दिखा तो चीते खुले जंगल में छोड़े जाएंगे। बाघों की मौजूदगी को




लेकर चीता ट्रैकिंग में लगे स्टाफ ने वन अधिकारियों को लिखित आवेदन भी दिया है। कूनो उत्सव में आने वाले पर्यटकों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। एक ग्रुप पर्यटन का होगा और दूसरा वन्यजीव का। इसमें लेक्चर सेशन होगा और जैव विविधता से लेकर पर्यावरण संरक्षण और संर्वधन पर चर्चा होगी। पर्यटकों के लिए रोमांच होगा और भ्रमण भी कराया जाएगा। 50 टेंट लगाकर टेंट सिटी तैयार की गई है। जंगल में छोड़ दिए जाएंगे चीते बता दें कि श्योपुर जिले में आने वाले कूनो नेशनल पार्क में वर्तमान में 14 चीते व एक शावक चीता मौजूद हैं। सभी को बड़े बाड़े में रखा गया है। इन चीतों को गले में इंफेक्शन हो जाने के कारण यहां एहतियातन रखा गया है। कूनो के खुले जंगल में छोड़ने की तैयारी चल रही है लेकिन जंगल में आए बाघों के कारण कूनो प्रबंधन चिंता में पड़ गया है। कूनो उत्सव के रोमांच में कमी न रहे इसी कारण छोटे बाड़े में चीतों को छोड़ा जा रहा है। उत्सव खत्म होने के बाद अगर बाघों की मौजूदगी नहीं रही, तो जंगल में चीतों को छोड़ दिया जाएगा। अब चीतों को कूनो उत्सव से पहले जंगल में छोड़े जाने की संभावना कम है।

## आज से बंद होगी डेमू, यात्रियों की बढ़ेंगी परेशानी, केवल इंदौर तक चलेगी




**इंदौर।** इंदौर-देवास-उज्जैन रेल खंड के दोहरीकरण कार्य के कारण रेलवे ने मेगा ब्लाक लिया है। 15 से 30 दिसंबर तक बरलई से मांगलिया स्टेशन तक लिए गए ब्लाक के कारण इंदौर से चलने वाली कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा, तो कुछ को निरस्त किया गया है। महू से चलने वाली डेमू ट्रेन भी निरस्त की गई थी। महू से प्रतिदिन यात्रा करने वालों की परेशानी को लेकर इंदौर-महू रेल यात्री संघ ने रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए रतलाम मंडल ने ट्रेन को बहाल कर दिया। अब ट्रेन महू से इंदौर तक चलेगी, जबकि इंदौर से रतलाम के बीच निरस्त रहेगी। बरलई से मांगलिया के बीच दोहरीकरण कार्य को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा ब्लाक लिया गया है। शुक्रवार से शुरू होने वाले ब्लाक के कारण महू से चलने वाली डेमू ट्रेनों को निरस्त किया गया था। इसमें महू से सुबह 8.55 बजे चलकर 9.35 बजे इंदौर पहुंचने वाली डेमू ट्रेन को फिर बहाल कर दिया गया हैं।

## इंदौर में रात का तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा

**इंदौर।** लगातार सर्द हवाएं चलने से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया। तापमान में रोजाना उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। दो दिन न्यूनतम तापमान कम रहा, लेकिन गुरुवार रात को पारा ऊपर चढ़ा। वैसे हवाएं चलने से दिनभर ठंड का महसूस हो रही है। शाम होते ही धुंध रहती है। देर रात से अलसुबह तक कोहरा छाया रहता है। शुक्रवार सुबह पूर्वी दिशा से हवा चली, जिसकी रफ्तार आठ किमी प्रतिघंटा थी। कोहरे की वजह से सुबह 8 बजे तक दृश्यता तीन हजार मीटर तक रही।



अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। जबकि न्यूनतम तापमान में 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के मुताबिक मौसम में कोई बदलाव नहीं है। अगले दो दिन तक तापमान ऐसा ही बना रहेगा। गुरुवार को उत्तर-पूर्वी दिशा से हवा चली। इसके चलते रात का तापमान नीचे आया। 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 0.6 डिग्री सेल्सियस का अंतर देखा गया। अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक तीन से चार दिन अधिकतम तापमान 25-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

# मप्र में प्रशासनिक अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी भी निराश





**हेमंत शाक्या संवाददाता सुल्तानपुर, रायसेन**

मध्यप्रदेश में अतिथि शिक्षकों का हो रहा है बुरा हाल, पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अतिथि शिक्षक महापंचायत में अनेकों बिंदुओं पर घोषणा की गई थीं, जिनमें अतिथि शिक्षक वर्ग को संवर्ग अनुसार वेतनमान देने ओर एक वर्ष के बीच में कभी भी सेवा से विमुक्त न करने तथा अन्य कर्मचारियों के प्रमोशन के पश्चात् भी अन्य किसी भी विद्यालय में उक्त शिक्षक की व्यवस्था करने के संबंध निर्देश दिए थे। मध्यप्रदेश में चुनाव के बाद और मुख्यमंत्री बदलने के बाद अतिथि शिक्षकों को अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है-

1. अतिथि शिक्षकों की तीन माह से कोई भी वेतन मिला हैं।
2. सरकारी शिक्षक  के अन्य किसी भी विद्यालय में क्रमोन्नति होने पर अतिथि शिक्षकों की सेवा अन्य शाला में उपलब्ध कराना था किंतु उन्हें कार्यमुक्त किया जा रहा हैं।
3. बी एड न होने के बाद भी अतिथि शिक्षकों को एक वर्ष के अंतराल में सेवा निवृत न करना, किंतु उन्हें सेवा निवृत किया जा रहा हैं।
4. अतिथि शिक्षकों को आरक्षण और 3 वर्ष तक निरंतर सेवारत होने पर 25 प्रतिशत अंक मिलना। परंतु इन्ही सब कारणों से अतिथि शिक्षकों को बीच में ही कार्यमुक्त किया जा रहा हैं।
5. आदेश जारी एवं घोषणा पत्र जारी होने पर भी अतिथि शिक्षकों को सेवानिवृत किया जा रहा हैं।

अतिथि शिक्षकों का कहना है कि मुख्यमंत्री चेहरा बदला है मुख्यमंत्री पदवी नहीं,सरकार बनाने का यह मतलब नहीं की सरकार मनमानी करे। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि अतिथि शिक्षक महापंचायत में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए वचनों पर अटल रहे सरकार। मध्यप्रदेश के अतिथि शिक्षक वर्ग निराश हैं ओर कह रहा हैं हमें संघर्ष नहीं न्याय चाहिए और निवेदन स्वीकार न हुआ तो अंत में प्रतिवेदन करना मजबूरी होगी अतिथि शिक्षकों की।

# बहु प्रतीक्षित श्रीराममंदिर  प्राणप्रतिष्ठा के निमंत्रण  हेतु पूजित अक्षतकलश  का चंद्रपुर की पावन धरा पर हुआ आगमन



## गौरव की अनुभूति..

अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के उद्धाटन हेतु चंद्रपुर में गुरुवार 14 दिसंबर को बैठक संपन्न हुई जिसमें विभाग प्रमुख ओमप्रकाश जी पाठक और विभाग सह मंत्री दौलत जी लोंगवानी तथा समस्त खंड कार्यवाह, कार्यकर्त्ता उपस्तिथ हुए। बैठक में शामिल सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से प्रार्थना स्वरूप सूचित किया गया कि 15 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक सभी को मंदिर पूजन हेतु अवगत कराना एवं 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम को दीपावली त्यौहार स्वरूप भारत के प्रत्येक ग्राम में आयोजित करना। सहर्ष प्रभु श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या मन्दिर में प्रतिस्वरूप भगवान का स्वागत करना।

# प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए स्वयंसेवक






**हेमंत शाक्या संवाददाता सुल्तानपुर, रायसेन**

**इंटखेड़ी।** वनवासी कल्याण आश्रम से जिला महिला सशक्तिकरण प्रमुख कावेरी राठौर जी एवं ब्लॉक शिक्षा आयाम से हेमंत शाक्य जी ओर समस्त संघ,कार्यकर्ता तथा ग्रामीण क्षेत्रों से जिला रायसेन की समस्त ग्राम पंचायत में पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति की समस्या निदान हेतु समस्या सुनना और उसके निदान हेतु रूपरेखा तैयार करना। अभी ग्राम पंचायत इंटखेड़ी में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हेतु अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए बालक बालिका छात्रावास भवन निर्माण हेतु प्रयासरत हैं।

# सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद उज्जैन के पदाधिकारियों ने डॉ.मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनने पर फूल माला से स्वागत कर दी बधाईयां

**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल**



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश की विधानसभा चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत के पश्चात मुख्यमंत्री बनने के लिए अनेक दावेदारों की चर्चा रही। लेकिन उज्जैन महाकाल की नगरी के डॉ.मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनने की मोहर लगीं जो कि पूर्व में मध्यप्रदेश शासन में उच्च शिक्षा मंत्री रह चुके है। अब इन्हें मुख्यमंत्री की मध्यप्रदेश में जबावदारी सौंपी गई है। संत रविदास समाज के मध्यप्रदेश उज्जैन में सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद के पदाधिकारियों में श्री ओमप्रकाश मोहने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में परिषद के श्री रमेशचंद सूर्यवंशी, श्री कैलाशचंद्र सूर्यवंशी, श्री राम चौहान, श्री मुकेश परमार, श्री मुकेश सोलंकी इत्यादि सामाजिक लोगों ने डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने पर उनका भव्य स्वागत और विशाल माला पहनाकर स्वागत कर प्रसन्नता जाहिर की है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहने जी ने स्वागत करते हुए कहा है कि हमारे महाकाल बाबा की पवित्र नगरी उज्जैन के श्री यादव जी को मुख्यमंत्री बनने पर सम्पूर्ण उज्जैन नगरी को गौरवान्वित किया गया है। वहीं रविदासिया समाज में बहुत खुशी हुई है कि श्री यादव जी हमेशा रविदासिया समाज के हिमायती रहे हैं। जिनके नेतृत्व में सामाजिक कल्याण के कार्य होंगे। तथा अनुसूचित जाति वर्ग में जन्मे महान महापुरुषों, देश की आजादी में योगदान देने वाले शूरवीर मनीराम अहिरवार जैसे महान क्रांतिकारी शहीद को सम्मान दिलाने की दिशा में काम होगा। समाज के उत्थान में परिषद हमेशा तत्पर रहेगी। सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद की ओर से श्री यादव जी मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देकर खुशियां मनाई गई है।

# संत रविदास सेवा संस्थान भोपाल के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा को दी गई बधाईयां



**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। श्री संत रविदास सेवा संस्थान भोपाल मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा संत रविदास राज सेवा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित संस्थान प्राचीन संत रविदास मंदिर, बरखेड़ा भेल भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार एवं श्री खिलान सिंह अहिरवार के नेतृत्व में संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्यों की एक टीम मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में उपमुख्यमंत्री के पद को सुशोभित करने वाले श्री जगदीश देवड़ा जी के आवास पहुंचे श्री संत रविदास सेवा संस्थान भोपाल के वरिष्ठ समाजसेवी एवं सभी सामाजिक लोगों ने उपमुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी गणों ने उन्हें बधाई देते हुए अनुरोध किया है कि रविदासिया समाज ने भरपूर सहयोग कर सरकार में अहम भूमिका निभाई है। गौरतलब हो कि श्री जगदीश देवड़ा जी रविदास वंशीय समाज से ही आते है। जिन्हें उपमुख्यमंत्री पद से नवाजा गया है यह समाज के लिए गौरव की बात है। संस्थान के प्रमुख श्री बारेलाल अहिरवार एवं श्री खिलान सिंह अहिरवार ने इस मौके पर बताया है कि हमारे समाज की अनेक सामाजिक समस्या और पूर्व से विभिन्न मुद्दों की मांगे लंबित है। जिन्हें श्री जगदीश देवड़ा जी के माध्यम से हल करायें जाने का प्रयास किया जायेगा। रविदास समाज के सन् 19 42 में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान देने वाले महान क्रांतिकारी शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश के हुये है। जिन्हें आज तक सम्मान नहीं दिया गया है।यह दिलवाया जायेगा। संस्थान ने श्री देवड़ा जी को बताया है कि 24 सितंबर 2023 को संस्थान के प्रादेशिक सम्मेलन में अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के उत्तराधिकारी मूलचंद मेधोनिया  जी को संत रविदास रत्न सम्मान अवार्ड से सम्मानित कर मांग की गई थी कि मध्यप्रदेश के एकमात्र रविदास समाज के महान क्रांतिकारी की यादगार में विशाल स्मारक और शहीद परिवार को सुविधा उपलब्ध कराई जाये। संस्थान पूरी तरह से कटिबद्ध है कि हमारे समाज में जन्मे सभी सामाजिक महापुरुषों को शासन से सम्मान दिलाने में मदद की जायेगी।  संस्थान के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को श्री जगदीश देवड़ा जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और आश्वासन दिया है कि सरकार सभी सामाजिक लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए काम करेंगे।



# देश की आजादी के नायक अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी पर शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले श्री श्यामलाल राही जी का खुशबू - ए-गजल संग्रह प्रकाशित पर शहीद परिवार की ओर से शुभकामनाएं

**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। भारत के दलित साहित्यकारों में बहुचर्चित जाने माने साहित्यकार, उपन्यासकार, गजल, गीत और विभिन्न विषयों पर लेखन करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी एवं उत्तर प्रदेश सरकार से शिक्षा निदेशक पद से अवकाश प्राप्त स्वतंत्र लेखन जिनकी अभी तक सैकड़ों पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। देश के विभिन्न सामाजिक संगठनों और शासकीय पद सम्मान अवार्ड इत्यादि पुरस्कारों से सम्मानित श्री श्यामलाल राही प्रियदर्शी जी ने अपने लेखन में समाज को एक दिशा दी है। वह हमेशा वंचितों के सरोकारों की पैरवी करते हुए लेखन करते है। तथा जवान युवा पीढ़ी को सशक्त मार्ग दर्शन देकर साहित्य से रुवारु करने में किंचित मात्र संकोच नहीं करते है। सदा उम्दा साहित्य, कविता और रचनात्मक कार्य में सभी के मानों की बात अपने शब्दों में पिरोकर एक अच्छा विचारवान साहित्य सेवा कर रहे है। स्मरणीय हो कि श्री राही जी देश के उन शोधकर्ताओं में से एक है जिन्होंने मध्यप्रदेश के आजादी में सन् 19 42 को महात्मा गांधी जी के आवाहन पर अंग्रेजों द्वारा गोंडवाना राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जूदेव जी चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के राजमहल को लुटकर कब्जा करने आयें फिरंगियों को युद्ध के दौरान लोहे के चना चबाने को मजबूर किया। तथा अकेले ही वीर मनीराम अहिरवार जी ने अंग्रेजों को लहूं लुहान कर गांव से खदेड़ने में सफल हुये और युद्ध में जीत हासिल की। अपने गोंड राजा के महल को लुटने से बचाया व गोंडी धर्म, संस्कृति के रक्षार्थ शहीद हुये। अंग्रेजों ने उन्हें धोखाधड़ी कर गुप्त जेलखाना लें गये और वहां उनसे गोंड राजमहल की गुप्त जानकारी न देने पर उनके प्राण ले लिया। वह भी देश की माटी को चुमते हुये अपने वतन पर जान न्यौछावर कर सम्पूर्ण देश को गौरवान्वित कर गये। ऐसे महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी को देश के लिए शोध पत्र देकर उन्हें राष्ट्रीय शहीद का दर्जा व उनके वारिसान परिवार को सुविधा उपलब्ध कराने व सरकार को मांग कर समर्थन करने वाले वरिष्ठ साहित्यकार मनीषी श्री श्यामलाल राही जी का गजल संग्रह खुशबू ए इश्क का प्रकाशन होने पर शहीद परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



सात लाख पचास के पशु को किया जप्त

# पशु तस्करों में मचा हड़कंप ताबड़ तोड़ कार्यवाही के सिंगम बने विनोद नाहर





**कैलाश कुमार – सह संपादक**

अनुपपुर/ अनुपपुर जिले के थाना रामनगर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक विनोद नाहर इन दिनों पशु तस्करों के लिए काल बन चुके हैं उन्होंने अपने सुचना तंत्र को इतना मजबूज किया है अपराधी बच कर निकल नही सकते अभी हाल ही विनोद नाहर द्वारा 24 नग पशुओं को पशु तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया था साथ ही पशु तस्करों पर कार्यवाही भी की गई थी उसके बाद भी पशु तस्करों द्वारा पशुओं का कारोबार किया जा रहा था लेकिन विनोद नाहर भी कहा हार मानने वाले थे उन्होंने भी पशु तस्करों में पुलिस का भय कायम करने की कसम खा रखी है ऐसा ही इक मामला थाना रामनगर में पुनः हुई जहां सहायक उप निरीक्षक विनोद नाहर को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई की पशु तस्कर छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश राज्य सिमा प्रवेश कर मलगा आमाडांड से अपने चिन्हित जगह ले जाया जा रहा है जैसे से इस मामले की सूचना रामनगर में पदस्त ए.एस.आई. विनोद नाहर को सुबह 6 बजे मिली वो तुरंत मौजूदा जगह पहुँच कर 24 नग पड़वा 1 नग पड़िया कुल कीमत 7,50000, आंकी गई है सभी पशु को मलगा कांजी हाउस में सुरक्षित रखा गया है पिछले बीते दिन दिनांक 10/12/2023 को 23 नग पशु जप्त कर पशु तस्करों में भय का महौल बना हुवा है आरोपी सत्यनारायण पिता मंगल सिंह,उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम भवंता थाना कोंडा जिला कोरिया छत्तीसगढ़ साथ ही आरोपी पर पशु सुरक्षा कानून अधिनियम के धारा 11( क) के तहत कार्यवाही कर न्यायलय में किया पेश किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में ए. एस.आई.विनोद नाहर,आरक्षक 901 राहुल प्रजापति अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

# रामनगर थाने की बड़ी सफलता पशु तस्कर गिरफ्तार

**कैलाश कुमार - सह संपादक**



अनूपपुर/डोला - विनोद नाहर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पशु तस्कर कार्यवाही के बने सख्त अधिकारी मिली जानकारी के अनुसार मरवाही थाना क्षेत्र से पशु तस्कर 18 नग पड़वा 5 नग भैंस मलगा टाँकी के रास्ते मध्यप्रदेश राज्य सीमा के अन्दर प्रवेश किया जिसकी सूचना थाना में पदस्थ रामनगर के ए. एस. आई.विनोद नाहर को गुप शुत्रो से पता चला की मरवाही थाना क्षेत्र से हो कर कुछ पशु तस्कर 23, नग गाय भैंस लेकर मध्यप्रदेश बॉर्डर में सुबह 5 बजे प्रवेश किया जिसकी सूचना मिलते ही विनोद नाहर ने अपने दल के साथ पहुच कर सभी मवेशियों को अपने मलगा कांजी हाउस में सुरक्षार्थ रखा गया। पशु सुरक्षा कानून अधिनियम के धारा 11 (क) के तहत बड़ी कार्यवाही करते आरोपी पप्पू( उर्फ,)त्रिभुवन, पिता सरकारी सिंह उम्र 31वर्ष,बच्चू सिंह पिता लक्ष्य सिंह गोंड उम्र 28वर्ष, उमेन्द्र सिंह,पिता संतोष सिंह गोंड, उम्र 19वर्ष, सरवन, पिता नेवल सिंह गोंड उम्र 25वर्ष, सभी निवासी कटरा उषाढ़ थाना मरवाही जिला गौरेला, पेंड्रा, मरवाही, कुल 23 नग मवेशी जिसकी कीमत 4,60,000 रुपए जप्त कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।। कार्यवाही अधिकारी ए. एस. आई.विनोद नाहर, c/464 विनोद मरावी

# थाना कोतमा पुलिस द्वारा अंधी हत्या का खुलासा

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

अनूपपुर-दिनांक 8/12/ 2023 को सूचना मिली थी कि मुनीम जायसवाल के खेत खमरौध पचखुरा के बीच में गोरेलाल उर्फ बारेलाल अगरिया की लाश पड़ी है सूचना पर मौके से जाकर सूचना कर्ता संतोष केवट पिता दशरथ कीमत उम्र 52 साल निवासी पचखुरा की रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इंटीमेशन कायम कर मृतक गोरेलाल उर्फ बारेलाल पिता छोटी अगरिया उम्र 45 साल निवासी पचखुरा के शव का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं शव को पीएम हेतु भेजा गया था, साक्षियों के कथन, पीएम रिपोर्ट एवं शव पंचनामा निरीक्षण कथन साक्षी के आधार पर मृतक की मृत्यु गला दबाकर सीने में किसी ठोस वस्तु से चोंट पहुंचा कर हत्या करना पाए जाने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 508/23 धारा 302, 201 आईपीसी कायम कर विवेचना में लिया गया? मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री जितेंद्र सिंह पवार के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में टीम गठित कर संदेहियों से पूछताछ की गई तो पता चला कि दिनांक 7.12.2023 को मृतक गोरेलाल अगरिया बब्बू कोल, राम नारायण कोल एवं उनके अन्य साथियों के साथ मुर्गा पार्टी किए थे मुर्गा पार्टी के बाद घर छोड़ने मृतक गोरेलाल को बब्बू कोल और रामनारायण कोल रात्रि 12:00 बजे जाते समय उधारी पैसा की बात को लेकर रामनारायण कोल, बब्बू कोल के द्वारा मृतक बारेलाल की हत्या गला दबाकर एवं सीने में घुटने से एवं ईंट से मार कर हत्या करना बताने पर आरोपी रामनारायण कोल पिता पुरुषोत्तम कोल उम्र 23 साल एवं पप्पू उर्फ गणेश कोल पिता लोटन कोल उम्र 19 साल दोनों निवासी कोलान टोला खमरोध को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया अंधी हत्या के खुलासा में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक सुंद्रेश सिंह ,उप निरीक्षक बाबूलाल सिंह, उप निरीक्षक पुष्पराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक अरविंद राय, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, प्रधान आरक्षक अजय शर्मा, प्रधान आरक्षक राजाराम आरक्षक कृपाल सिंह, शुभम दिनेश सिंह, संत मरावी की विशेष भूमिका रही है?



# 94 निलंबित कर्मचारियों में से 93 बहाल, 1 की बहाली रोक गरियाबंद सीएमएचओ डॉक्टर के सी उरांव द्वारा शासन आदेश का खुला उल्लंघन

**गरियाबंद (छत्तीसगढ़)।** मामला गरियाबंद जिले का है जहां हेल्थ फेडरेशन के आह्वान पर जिले के लगभग 230 कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर अपने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी रायपुर में थे । शासन के आदेश पर एस्मा के तहत कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही किया गया ,जिसमें 94 कर्मचारियों को निलंबित किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री से फेडरेशन के पदाधिकारीयो की चर्चा एवं आश्वासन पर हड़ताल स्थगित किया गया, जिसमें समस्त निलंबित और बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली के लिए शासन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है उसके उपरांत भी गरियाबंद के सीएमएचओ डॉक्टर के, सी, उरांव द्वारा 93 कर्मचारियों की तो बहाली कर दिया गया किंतु एक कर्मचारी जिसका नाम तरुण कुमार जोशी , ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के पद पर उप स्वास्थ्य केंद्र सुपर बेड़ा में पदस्थ है को अभी तक बहाल नहीं किया है। उक्त कर्मचारी द्वारा बहाली हेतु संगठन से गुहार लगाई गई है । जिसमे उक्त अधिकारी द्वारा जन बूझकर द्वेष भावना से प्रेरित होकर यह कार्यवाही किया गया है। जिसको संज्ञान में लेते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता एवं प्रतिनिधिमंडल द्वारा डॉ के. सी. उरांव सीएमएचओ गरियाबंद को संबंधित कर्मचारियों को 7दिवसों में शासन आदेश का पालन करते हुए बहाल करने हेतु पत्र लिखा है। यदि 7 दिवसों में उक्त कर्मचारी को बहाल नहीं किया जाता है तो संगठन द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं ठप कर संभाग स्तरीय गरियाबंद से सीएमएचओ का घेराव एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा ।आंदोलन की स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती है तो उसकी समस्त जवाबदारी डॉक्टर के सी उराव गरियाबंद सीएमएचओ की होगी । ज्ञात हो डॉ के. सी. उरांव वर्तमान भाजपा सरकार के विरुद्ध हड़ताल की स्थिति निर्मित कर सरकार को बदनाम करने पर तुली हुई है। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के दिवस संगठन द्वारा इस तरह का चेतावनी पत्र सीएमएचओ गरियाबंद के नाम से जारी किया गया है। एवं माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को भी उक्त संबंध में अवगत कराते हुए उक्त सीएमएचओ को हटाने की मांग करेंगे। ज्ञात हो कि सुपेबेड़ा किडनी प्रभावित मरीजों का क्षेत्र है जहां पर आए दिन किडनी फेलियर से मरीजों की जान जाती है, ऐसे क्षेत्र को कर्मचारी विहीन कर स्वास्थ्य सेवाएं बाधित करने का कार्य वहां के सीएमएचओ ही कर रहे हैं और बहाली न कर शासन आदेश का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। शासन आदेश का उल्लंघन करने के लिए उक्त सीएमएचओ के ऊपर कार्यवाही की मांग भी संघ द्वारा किया जायेगा।

**गरियाबंद- स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने दिया 7 दिनों का अल्टिमेटम**




# नव मुख्यमंत्री सहित भाजपा को बधाई राज्य की कमान सम्हालने नए चेहरे को दिया स्थान


**कैलाश कुमार - सह संपादक**

अनूपपुर। देश के तीन राज्यों में परिणाम आने के बाद जहाँ जनता में चर्चाओ का दौर जारी रहा कि भाजपा पुनः उन्हीं पुराने चेहरों को अस्तित्व में लाएगी जिनके कारण भाजपा ने तीन राज्य छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश व राजस्थान में अपना परचम लहराने में सफल हुई? परन्तु भाजपा ने जनता की सोच के बिल्कुल उलटफेर कर सबको चौका देने जैसा कार्य को किया है? जिसे सुन व जान अधिकांश जन मानो स्तब्ध जैसे हो गए? लेकिन वहीं कई लोगों में भारतीय जनता पार्टी के इस तरह फैसले को लेकर प्रशंसा भी तेजी से हो रही कि पहली बात भाजपा ने राज्य के गरिमामयी पद पर जो नवीन चेहरों को स्थान दिया वह कहीं ना कहीं काबिले तारीफ है क्योंकि इससे यह स्पष्ट हो रहा कि भाजपा वंशवाद जातिवाद के तर्ज पर कार्य ना कर सभी एक समान मानती है जिसका जीता जागता उदाहरण तीनो राज्यों में भाजपा की जीत के बाद के जो परिणाम सामने आए वह साफ बयां करते हैं कि भाजपा ने तीनो राज्यों में पूर्व के चेहरों को छोड़ मुख्य पद पर नवीन चेहरों को तीनो राज्यों के लोगों के समक्ष लाकर खड़ा कर मनोनीत कर मुख्यमंत्री पद का दर्जा देकर बिठा दिया? जो अब यह तीनों अपने अपने राज्य की कमान सम्भालेंगे? जिसमें छत्तीसगढ़ से विष्णु देव साय तो मध्यप्रदेश से मोहन यादव और वहीं राजस्थान से भजनलाल शर्मा पर भाजपा ने पूर्ण रूप से अपना विश्वास जताया? लेकिन कौन अपने राज्य में लोगों के बीच कितना खरा उतरेंगे यह आगे ही पता चल पाएगा परन्तु इस बात की भी चर्चा जोरो पर है कि मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने से राज्यों की नई तस्वीर बदलेगी तीनो राज्यों में नए आयाम गढ़ने की शायद भाजपा की कोशिश हो?जिससे भाजपा की साख लोगों के बीच और भी अत्यधिक मजबूत हो पाए? जिसे करने हो सकता है भाजपा प्रयास में हो?



वहीं मध्यप्रदेश के नए सीएम के चेहरे के सामने आने के बाद चर्चाओ का बाजार गर्म नजर आ रहा जिनको जहाँ बधाईयाँ देने वालों का तांता सा लगा है वहीं एक वर्ग यादव समाज इस बात से बड़ा ही खुश नजर आ रहा कि भाजपा ने एक यादव को मुख्यमंत्री बना प्रदेश की कमान सौंप दी वह भी काबिल व्यक्ति के हाथों में जिसका विश्वास अब भी लोग नहीं कर पा रहे? साथ ही मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के बनने से यादव समाज सहित श्री मोहन यादव के चहेतों में भारी खुशी की लहर व्याप्त देखने को मिल रहा? प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा विधानसभा क्षेत्र के नगर डोला के समाजसेवी लालमन यादव एवं नगर बिजुरी के छात्र संघ के जिला अध्यक्ष मनोज यादव ने मोहन यादव के नव मुख्यमंत्री बनने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त करने के साथ नव नियुक्त मुख्यमंत्री को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया है? समाजसेवी लालमन यादव ने कहा है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का लिया गया यह फैसला एक तरफ जहाँ अचम्भित करने जैसा रहा वहीं प्रशंसनीय व स्वागत योग्य भी है शायद नवीन मुख्यमंत्री के आने से और भी नए बेहतर से बेहतर विकास कार्य प्रदेश के सभी जन को देखने को मिले? साथ ही छात्र संघ जिला अध्यक्ष मनोज यादव बिजुरी का भी अपना ये मानना है कि नए प्रदेश के मुखिया बनने से शायद तक जिले एवं प्रदेश में नए तरह का बदलाव देखने को मिले? बहरहाल अभी अपने और अपने पूरे छात्रसंघ की ओर से मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित है? साथ ही यह आस करता हूँ कि प्रदेश के विकास के अलावा नवीन मुख्यमंत्री जी छात्रहित में और भी बेहतर प्रयास करेंगे?

# मंडी में किसान पर गोलीकांड और लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी कर्मचारियों को रखा जा रहा है अंधेरे में




**भोपाल।** अधिकारियों की मिली भगत, मंडी विपणन बोर्ड के नियमविरुद्ध कई मंडी सचिव, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के प्रदेश सचिव ने उच्च जांच हेतु प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड कार्यालय भोपाल को पत्र लिखा है। खबर भोपाल से है जहां पर ÷राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो÷ के प्रदेश सचिव द्वारा प्रबंध संचालक सह आयुक्त, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यालय भोपाल को लिखित शिकायत पत्र द्वारा अवगत कराया है कि सभी मंडी समितियां द्वारा नियम विरुद्ध मेजर्स थर्ड आई सिक्योरिटी कंपनी जिसका पसार लाइसेंस की वैधता दिनांक 31/03/2021 को समाप्त हो जाने के पश्चात भी सेवाएं ली जा रही है जो कि नियम विरुद्ध है।

# एयर पोर्ट की तर्ज पर अनूपपुर स्टेशन भवन प्रवेश पोर्च बनेगा,अमृत भारत के तहत हो रहे अनेक विकास कार्य

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

अनूपपुर। रेलवे को देश की लाइफलाइन कहा जाता है।रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक,सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। शहरों की पहचान भी रेलवे स्टेशनों से जुड़ी होती है। रेलवे स्टेशन वहाँ के लोगों के दिल से जुड़ा होता है, ऐसे में जरूरी है कि रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप में ढाला जाए।अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है।स्टेशन भवन का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुककला से प्रेरित होगा तथा शहर या स्थातन की खूबसूरती को भी प्रदर्शित करेगी। बिलासपुर मंडल में भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी संदर्भ में प्रथम चरण में मंडल के 15 स्टेशनों में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अनूपपुर स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु यात्री सुविधा विकास के अनेक कार्य कराये जा रहे हैं,जिससे यात्रियों को और अधिक बेहतर आधुनिक सुविधाएं मिलेगी।इसके अंतर्गत सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाते हुये रोड को चौड़ा कर सुगम मार्ग बनाना,एयर पोर्ट की तर्ज पर स्टेशन भवन प्रवेश पोर्च बनाना,व्यवस्थित प्रवेश व निकासी द्वार बनाना,सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया डेवलप करना,गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण करना,स्थानीय कला-संस्कृति की चित्रकारी,बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना,डिजाइनर साइनेजेस,चौड़े फुटओवर ब्रिज का निर्माण,लिफ्ट,कोच एवं ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड,प्लेटफार्म का फ्लोरिंग,अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर का निर्माण, प्लेटफार्म में अतिरिक्त शौचालय का निर्माण,प्रतीक्षालय का नवीनीकरण करना,महिलाओं, सीसीटीवी,वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों के अनुकूल दीर्घकालिक सुविधाएं उपलब्ध कराना जैसे विभिन्न कार्य शामिल है।ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे है।निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा नगरीय क्षेत्रों में 14 दिसंबर से एवं ग्रामीण क्षेत्र में 18 दिसंबर से प्रारंभ होगी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल। कलेक्टर आशीष सिंह ने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में निर्देश देते हुए बताया कि ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर केन्द्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं संबंधी लक्षित और पात्र लाभार्थियों को आवश्यक सुविधाएँ सुलभ कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया जायेगा। इसके अंतर्गत जिले के नगरीय क्षेत्रों में 14 दिसंबर से एवं ग्रामीण क्षेत्र में 18 दिसंबर से यह यात्रा प्रारंभ होगी। कलेक्टर ने यात्रा के संबंध में विभिन्न निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान दिये ।

बैठक मे नगर निगम आयुक्त, सीईओ जिला पंचायत, एडीएम, सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे। इनमें सामान्य जाँच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किये जायेंगे। ऐसे किसान, पशुपालक, मछुआरे, जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं हैं, उनके आवेदन लेने और संबंधित बैंकों से समन्वय कर क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी की जायेगी। कैम्प में आधार कार्ड के अपडेशन का कार्य और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किया जायेगा। इसी के साथ यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थलों पर लगाये गये कैम्प में पेंशन योजनाओं के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इसमें वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन की जानकारी देने के साथ ही प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही भी की जायेगी। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को यात्रा के दौरान उनसे संबंधित तैयारियों को पूर्ण रखने के निर्देश दिये। इसी के साथ कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण तेज़ी से करने के निर्देश दिये साथ ही सभी राजस्व अधिकारियों को उनके न्यायालयों में नियमित सुनवाई कर पेंडेंसी कम करने के निर्देश भी दिये।






# सिविल न्यायालयों सहित 13 खण्डपीठों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**अनूप कुमार गुप्ता**

अनूपपुर (मध्य प्रदेश)। प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय अनूपपुर, तहसील कोतमा व राजेन्द्रग्राम सिविल न्यायालयों सहित 13 खण्डपीठों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। 3040 लंबित प्रकरणों में से कुल 362 प्रकरणों का निराकरण हुआ। प्रीलिटिगेशन के 3590 प्रकरण प्रस्तुत हुए जिनमें से 196 प्रकरणों का निराकरण हुआ। लोक अदालत में कुल राशि 13,66,4,215 अवार्ड पारित किया गया। वहीं समझाइश दिये जाने पर पति ने अपनी पत्नी को साथ रखने और उसका भरण पोषण करने पर सहमति देते हुए न्यायालय से दोनों राजीखुशी घर के लिये रवाना हुये। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को अनूपपुर जिला न्यायालय सहित तहसील कोतमा व राजेन्द्रग्राम सिविल न्यायालयों सहित गठित 13 खण्डपीठों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत जिला न्यायालय अनूपपुर सहित तहसील न्यायालय कोतमा व राजेन्द्रग्राम में कुल 13 खण्डपीठों का गठन किया गया था, जिसमें राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक अनादरण से संबंधित प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, सिविल प्रकरण एवं बिजली व पानी के बिल से संबंधित प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के द्वारा किया गया। जिला मुख्यालय अनूपपुर, तहसील कोतमा एवं राजेन्द्रग्राम में लंबित प्रकरणों में से 3040 प्रकरणों को लोक अदालत में रेफर किया गया, जिनमे से कुल 362 प्रकरणों का निराकरण हुआ। प्रीलिटिगेशन के 3590 प्रकरण प्रस्तुत हुए जिनमें से 196 प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से हुआ। आयोजित लोक अदालत में कुल राशि 13664215 अवार्ड पारित किया गया। कुटुम्ब न्यायालय में प्रस्तुत भरण-पोषण वाद में पत्नी ने पति से भरण पोषण पाने के लिये न्यायालय की शरण ली थी। प्रकरण अनुसार विवाह के एक वर्ष पश्चात ही पति ने अपनी पत्नी को घर से निकाल दिया था जिससे वह अपने मायके में रह रही थी। नेशनल लोक अदालत में लंबे समय से चल रहा पति-पत्नी का विवाद राजीनामा के आधार पर निराकृत हुआ और पति ने अपनी पत्नी को साथ रखने और उसका भरण पोषण करने पर सहमति व्यक्त कर राजीनामा किया।

# अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल।



**उदयपुरा।** ए. आई. जी.डी.एस यू.के केंद्रीय मुख्यालय दिल्ली के आवाहन पर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल दिनांक 12/12/2023.........

अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारी संघ ने संपूर्ण भारत में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करती है उन्होंने केंद्र सरकार से अपनी मांगे मनवाने के लिए प्रमुख मांग रखी है जो निम्नानुसारहै

1. 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करें।
2. नियमित कर्मचारियों के समान भत्ता लागू किया जाए।
3. समूह बीमा कवरेज को 5 लख रुपए तक बढ़ाना।
4. विभागीय कर्मचारियों के साथ समानता में जीडीएस ग्रेच्युटी में वृद्धि।
5 समान प्रोत्साहन योजना प्रणालियों को समाप्त करें जीडीएस द्वारा दिए गए सभी कार्यों जैसे आईपीपीबी, पीएलआई, बचत योजनाएं और एमजीएनआरईजीएस को उनके कार्यभार मूल्यांकन में शामिल करें।
6. समान कार्य/कार्यभार के लिए समान वेतन के सिद्धांतों के तहत 5 घंटे के काम के लिए नियोजित नए कर्मचारियों को कार्यभार के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि और टीआरसीए जैसे टीआरसीए देने में सभी भेदभाव समाप्त करें। जीडीएस और नियमित कर्मचारियों के लिए वार्षिक वेतन वृद्धि निकालने में एकरूपता सुनिश्चित करें।
7. सेवाओं को बढ़ाने और तेज करने के लिए सभी शाखा कार्यालयों को लैपटॉप प्रिंटर और अच्छा नेटवर्क प्रदान करें। अगर हमारी निम्न मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो सभी पोस्ट पेमेंट बैंक के कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठेंगे जिसमें देश का माहौल खराब होने की संभावना है।

# प्रजापति समाज ने लिया मृत्यु भोज बंद करने का संकल्प एक पहल समाज के प्रति



**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़.....**

उदयपुरा। अन्य देशों की तुलना में भारत एक ऐसा देश है जहां पर विभिन्न प्रकार के अंधविश्वासों पर भरोसा किया जाता है, जीते जी हम किसी की मदद नहीं कर सकते लेकिन करने के बाद उसकी भी विभिन्न प्रकार की भोग लगाए जाते हैं इसी परंपरा को समाप्त करने के लिए। प्रजापति समाज संगठन जिला रायसेन द्वारा मृत्यु भोज बंद करने का संकल्प लिया समाजसेवक और समिति के सदस्यों ने समाज मृत्युभोज बंद करने एवं पगड़ी रस्म पर 101 रुपए लेने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाना चाहिए। समाज में पूर्व से चली आ रही विभिन्न कुरीतियों को बंद करवाने के लिए समाज के युवाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। समाज में जागरूकता लानी होगी। इसके लिए समाज की युवा पीढ़ी को बढ़चढ़कर हिस्सा लेना होगा समाज को कृतियों से निकलने के लिए, तथा समाज में कुरीतियों को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने का निर्णय लिया जाना चाहिए। इस पहल को आगे लाने के लिए समाज के समाजसेवको में श्री रामदास प्रजापति रम्पुरा, श्री मोहन प्रजापति उदयपुरा, श्री संतोष प्रजापति आडिया,परमानंद राज प्रजापति उदयपुरा, बंटी प्रजापति बरेली,गौरव प्रजापति उदयपुरा, रमेश प्रजापति देवरी,संजय प्रजापति बरेली,रामजी प्रजापति मनकापुर, सुनील प्रजापति बरेली,प्रहलाद प्रजापति मनकापुर, हरिनारायण प्रजापति बकतरा,सरपंच श्री कमलेश प्रजापति बगबाड़ा,ओर समिति सभी सदस्य ने सामूहिक रूप से इस कुरुति को समाप्त करने का संकल्प लिया।

# जिस कालेज में CM मोहन यादव पढ़े, उसे 'PM कालेज आफ एक्सीलेंस' बनाने की संभावना





**उज्जैन।** उज्जैन के जिस सरकारी माधव साइंस कालेज में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव पढ़े-लिखे, बीएससी की डिग्री ली उसके 'पीएम कालेज आफ एक्सीलेंस' बनने की संभावना प्रबल है। उनके गृहनगर में यही एक कालेज है जिसने नैक से सर्वोच्च 'ए-प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त कर अपनी एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है। पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने इसे सीएम राइज उत्कृष्ट महाविद्यालय और संभाग के पहले स्वशासी महाविद्यालय के रूप में तब्दील करने का मन भी बनाया था मगर धरातल पर काम नहीं हो पाया।.

### ये है कालेज की खासियत

मालूम हो कि 54 वर्ष पुराना माधव साइंस कालेज, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन करने वाला प्रदेश का पहला कालेज है जहां विज्ञान के साथ कला एवं वाणिज्य संकाय की भी पढ़ाई होती है। यहां बीएससी, बीसीए, बीए, बीएएसी सहित आठ विषयों में एमएससी पाठ्यक्रम संचालित हैं। विश्व बैंक परियोजना मद से यहां साढ़े 7 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। अगले वर्ष तक 1000 विद्यार्थियों की बैठक क्षमता अनुरूप यहां आडिटोरियम का निर्माण पूरा करा लिए जाने का भी दावा है। बास्केटबाल एरिना बन गया है और माइक्रो बायलाजी और बायो टेक्नोलाजी ब्लाक का निर्माण किया जा रहा है। कैंपस में 40 किलोवाट का सोलर पैनल लगा है। यानी ये ग्रीन एनर्जी उत्सर्जन करने वाला कालेज हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए कालेज परिसर में इस साल 1000 पौधे रोप गए थे। इलेक्ट्रिक एवं वोकेशनल कक्षाएं प्रारंभ की है। यहां पद्मश्री एवं पद्मभूषण प्राप्त वैज्ञानिकों के व्याख्यान हुए हैं। यह स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम करवाने वाला पहला महाविद्यालय है। जैसा कि सीएम ने स्पष्ट किया है प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कालेज में सभी प्रकार के कोर्स की पढ़ाई हो सकेगी। यहां विद्यार्थियों की डिग्री और मार्कशीट के लिए डिजी लाकर की सुविधा मिलेगी।

### विभाग ने क्या कहा

इधर, उच्च शिक्षा विभाग के संभागीय अतिरिक्त संचालक डा. एचएल अजनीजवाल ने बताया कि उज्जैन का कौनसा कालेज 'पीएम कालेज आफ एक्सीलेंस' बनेगा यह कहना अभी मुश्किल है। क्योंकि चयन के लिए बकायदा पहले गाइडलाइन जारी की जाएगी।

### पूरे प्रदेश में 18 स्वशासी कालेज, उज्जैन संभाग में एक भी नहीं

प्रदेश में इंदौर, भोपाल सहित विभिन्न संभागों में 18 स्वाशासी (आटोनामस) कालेज संचालित हैं लेकिन उज्जैन संभाग में एक भी नहीं है। पूर्ववर्ती सरकार माधव साइंस कालेज को स्वशासी कालेज बनाने पर जोर लगाती रही मगर इसके लिए जरूरी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) स्वीकृति प्राप्त न हुई। याद रहे कि कालेजों को अकादमिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए लगभग 30 वर्ष पहले यूजीसी ने स्वायत्त यानी स्वशासी कालेजों की स्थापना के लिए नीति जारी की थी। इस नीति से प्रेरित होकर चरणबद्ध तरीक से प्रदेश के 18 शासकीय कालेज, स्वशासी कालेज में तब्दील हुए। इनमें उज्जैन जिला छोड़ संभाग का भी एक कालेज का नाम शामिल नहीं है। विक्रम विश्वविद्यालय भी आत्मनिर्भर बनता नजर नहीं आता। अब भी वह अनुदान के भरोसे ही संचालित हो रहा है। अपनी आय बढ़ाने की विश्वविद्यालय के पास कोई सार्थक योजना नजर नहीं है।

## बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक रोकने की कवायद, मोबाइल फोन पर प्रतिबंध, एप से होगी निगरानी




**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं की परीक्षा के प्रश्नपत्र पुलिस थानों में ही रखे जाएंगे। प्रश्नपत्र थाने से परीक्षा केंद्रों तक लाने में अहम भूमिका कलेक्टर प्रतिनिधि की भी रहती है। इस बार कलेक्टर प्रतिनिधि की मोबाइल एप से हाजिरी लगेगी। इसके साथ ही मोबाइल के पूर्णतः प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाएगा। यह निर्णय बोर्ड परीक्षा में प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए माशिमं की ओर से लिया गया है। बता दें कि वर्ष 2022-23 में आयोजित 10वीं व 12वीं की परीक्षा में 16 प्रश्नपत्र इंटरनेट मीडिया पर खूब बहुप्रसारित हुए थे। इसे देखते हुए मंडल ने इस बार बदलाव किया है। मंडल की पूर्व में आयोजित कार्यपालिका समिति की बैठक में पुलिस थाने से परीक्षा केंद्र तक प्रश्नपत्र भेजने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रश्न-पत्रों का वितरण समन्वयक संस्था से थानों व परीक्षा केंद्रों तक किए जाने की व्यवस्था पहले की तरह ही रहेगी। इसके अलावा थानों से केंद्राध्यक्ष व कलेक्टर प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से प्रश्नपत्रों को निकाले जाने का प्रविधान है, लेकिन कलेक्टर प्रतिनिधि थानों में नहीं पहुंचते थे। इसे देखते हुए मंडल द्वारा इस बार कलेक्टर प्रतिनिधि के लिए मोबाइल एप से हाजिरी अनिवार्य की जा रही है। अब कलेक्टर प्रतिनिधि नहीं पहुंचेंगे तो उनके खिलाफ कलेक्टर के माध्यम से सख्त कार्रवाई का प्रविधान किया जाएगा।

## प्राचार्य के पदभार ग्रहण को बताया अनाधिकृत, प्रभारी प्राचार्य ने शासन को पत्र लिखा



**ग्वालियर।** केआरजी कालेज के प्राचार्य पद पर इस समय विवाद की स्थिति बनी हुई है। ऐसा इस लिए है कि केआरजी के प्राचार्य पद से सागर में अतिरिक्त संचालक कार्यालय में अटैच किए गए डा एमआर कौशल के बीते बुधवार को फिर से केआरजी के प्राचार्य पद पर नियुक्त किए जाने के आदेश जारी हुए । इसके बाद बुधवार को ही डा कौशल ने कालेज पहुंच कर अपना पदभार ग्रहण कर लिया । इस प्रक्रिया को अनाधिकृत बताते हुए कालेज की प्रभारी प्राचार्य डा जयश्री चौहान ने शासन को पत्र लिख कर सूचित किया है। प्रभारी प्राचार्य डा जयश्री चौहान का कहना है कि इस मामले में उनको कोई जानकारी नहीं थी । उन्हें डा कौशल ने शाम के समय आ कर सिर्फ शासन का आदेश दिखया , लेकिन कोई रिलीविंग लेटर नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने पद भार ग्रहण कर लिया। डा ।चौहान का कहना है कि वर्तमान में भी प्राचार्य पद उन्ही के पास है उन्होंने अभी डा कौशल को चार्ज नहीं सौंपा है। हालांकि डा कौशल और एडी प्रो के रत्नम इसे शासन के आदेश का पालन ही बता रहे हैं। वहीं इस विवाद के चक्कर मे दो दिन से कालेज के प्रशासनिक काम ठप पड़े हुए हैं। डा जयश्री चौहान का कहना है कि शाम को 5 बजे के आसपास डा कौशल काफी भीड के साथ उनके चैंबर में आए, उन्हें शासन का आदेश दिखाया और बिना रिलीविंग के खुद के हस्ताक्षर से ही खुद को ज्वाइन करवा लिया । डा कौशल ने अपनी ज्वाइनिंग की प्रक्रिया पूरी कर भोपाल भी भेज दिया। डा चौहान का कहना है कि जो प्रक्रिया उन्हें पूरा करना चाहिए थी वह डा कौशल ने उनसे करवाए बिना खुद ही पूरी कर ली। ज्वाइनिंग के बाद उनके साथ आई भीड ने डा कौशल का चैंबर में ही स्वागत किया। चुनाव आयोग की शिकायत पर डा कौशल को सागर अटैच किया गया था। आरोप था कि डा कौशल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस शिकायत पर उन्हें 9 नवंबर को केआरजी कालेज से अटैच कर सागर भेज दिया गया था। चैंबर में आकर स्वयं ही पदभार ले लिया है। मैंने न तो पद रिलीव किया है न इन्हें चार्ज सौंपा है। वर्तमान में प्राचार्य पद का चार्ज मेरे ही पास है। इसके बारे में शासन को भी सूचित कर चुकी हूं।

मेरा स्थानांतरण नहीं हुआ था सिर्फ अटैच किया गया था । अटैचमेंट के बाद वापस अपने मूल कार्यस्थल पर आकर ज्वाइन कर लिया । इसमें कुछ भी नियम विरूद्ध नहीं है। जैसी मुझे सूचना है डा एमआर कौशल ने केआरजी के प्राचार्य पद पर शासन के आदेश के अनुपालन में ज्वाइन किया है। हालांकि मेरे पास इसकी अभी आधिकारिक जानकारी नहीं है ।

# खंडवा में जनसुनवाई के दौरान पहुंचा अजीब मामला, कलेक्टर भी चौक गए



**खंडवा।** साहब मुझे मेरी भैंस दिला दो।मैं छह महीने से परेशान हो रहा हूं।मैंने अपनी भैंस के लिए आइजी और डीआइजी तक शिकायत कर दी है। एसपी कार्यालय में भी तीन बार आवेदन दे चुका हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कुछ इसी तरह की पीड़ा ग्राम पिपलोद के बुजुर्ग प्रेम सिंह पिता जसवंत सिंह मंगलवार को कलेक्टर अनूपकुमार सिंह को बताई। बुजुर्ग की पीड़ा सुनकर कलेक्टर भी आश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने मौके पर पुलिस विभाग से मौजूद अधिकारी को बुलाया और इस मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। खंडवा में जनसुनवाई में आए प्रेमसिंह का कहना है कि उसकी भैंस घर से दो किमी दूर स्थित देवेंद्र सिंह पिता हरे सिंह के खेत में चली गई थी। इस घटना को तीन साल बीत चुके हैं। हम तीन महीने तक भैंस को ढूंढते रहे। हमें गांव वालों ने बताया देवेंद्र सिंह के खेत में भैंस बंधी है। हम वहां पहुंचे तो हमें डरा-धमकाकर भगा दिया। हमने पिपलोद थाने गए तो वहां रिपोर्ट लिखने से इनकार कर दिया गया। टीआइ को घटना बताई तो उन्होंने कहा कि ऐसे गवाहों को ले आओ जो भैंस को पहचान ले। थाने में मैं 50 गवाह ले गया था। वहां भैंस भी बुलाई गई और देवेंद्र सिंह भी था। ग्रामीणों ने कहा भी कि यह भैंस देवेंद्र सिंह की नहीं प्रेमसिंह की है। बावजूद इसके किसी के बयान नहीं लिए और पुलिस ने सबका भगा दिया। इसके बाद मुझे थाने में बैठाकर कहा कि 20 हजार रुपये में भैंस बेच दो। मैंने इनकार कर दिया। तब से आज तक ना तो मुझे भैंस मिली है और ना ही मेरी रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। इस मामले में पूर्व में भी जनसुनवाई में शिकायत कर चुका हूं। यही नहीं आइजी और डीआइजी तक पत्र लिखकर शिकायत की है लेकिन कोई निराकरण नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने पूरे मामले में बुजुर्ग को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# प्लाटों की बिक्री से आरडीए को मिले 88 करोड़ रुपये, बचे प्लाटों के लिए निविदा 27 को





**रायपुर।** बड़े प्लाटों को छोटा कर आवासीय व व्यावसायिक भूखंडों की नीलामी से आरडीए को अभी तक 88 करोड़ रुपये मिले हैं। बताया जा रहा है कि बचे हुए प्लाटों की बिक्री के लिए 27 दिसंबर को आरडीए द्वारा फिर से निविदा निकाली जाएगी।

मालूम हो कि कौशल्या माता विहार (कमल विहार) में बड़े प्लाटों की बिक्री नहीं हो रही थी। इसके चलते आरडीए द्वारा प्लाट को छोटा कर नया लेआउट जारी किया गया और शासन की स्वीकृति के बाद निविदा निकाली गई थी। प्लाटों को छोटा करने से अब कौशल्या माता विहार में बिक्री बढ़ गई है। 25 अक्टूबर को हुई नीलामी से लगभग 41 करोड़ रुपये और आठ नवंबर को हुई नीलामी से लगभग 20 करोड़ रुपये की राशि मिली थी।13 दिसंबर तक निविदा बुलाई गई थी रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने बताया कि रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशल्या माता विहार (कमल विहार) एवं इन्द्रप्रस्थ फेस-2 में आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंड तथा एलआइजी फ्लैट्स के विक्रय के लिए बुधवार 13 दिसंबर तक निविदा बुलाई गई थी। इसमें कुल 18 निविदाएं प्राप्त हुईं। इसमें से 14 सफल निविदाओं से आरडीए को कुल 27.09 करोड़ रुपये मिले।

**निविदा आमंत्रित की जाएगी**

इस प्रकार बड़े प्लाटों को छोटा कर आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों की नीलामी से अब तक लगभग 88 करोड़ रुपये रायपुर विकास प्राधिकरण को प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि शेष बचे आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों तथा एलआइजी फ्लैट्स के विक्रय के लिए माह के चौथे बुधवार को फिर से निविदा आमंत्रित की जाएगी। निविदा द्वारा आफसेट दर से अधिक दर पर भूखंड एवं फ्लैट्स का विक्रय किया जाता है।

# दिल की 100 प्रतिशत ब्लाक नसों को इम्पेला से खोलकर दी नई जिंदगी



**रायपुर (राज्य ब्यूरो)।** राजधानी के आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआइ) के डाक्टरों ने हार्ट अटैक (दिल का दौरा) के कारण करीब सौ प्रतिशत अवरुद्ध (ब्लाक) हो चुके दिल की धमनी को मैकेनिकल सर्कुलेटरी सपोर्ट सिस्टम डिवाइस इम्पेला की सहायता से एंजियोप्लास्टी करके खोलकर मरीज को नई जिंदगी दी है। कार्डियोलाजी विभागाध्यक्ष डा. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि इम्पेला दुनिया का सबसे छोटा हृदय पंप है, जो अवरुद्ध हृदय की धमनियों को खोलते समय शरीर के वाइटल आर्गन (हृदय, फेफड़ा, किडनी, लीवर एवं मस्तिष्क) को हेमोडायनामिकली रूप से स्थिर करने का काम करता है। इससे मरीज की सफलतापूर्वक एंजियोप्लास्टी की जा सकती है। डा. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि भारत में 240 समेत पूरे विश्व में तीन लाख मरीजों का इस विधि से अब तक इलाज हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि एसीआइ राज्य का पहला शासकीय संस्थान है, जहां इस विधि से इलाज किया गया है। उन्होंने बताया कि 50 वर्षीय मरीज मेडिसिन विभाग में भर्ती हुआ था। मरीज का इएफ (इजेक्शन फ्रैक्शन) और हार्ट के पंप करने की क्षमता भी काफी कम थी। नस बंद होने के कारण हार्ट फेल हो गया था। जांच में पाया कि दाहिने तरफ की नस ठीक और बायीं तरफ की मुख्य नस 100 प्रतिशत बंद थी, जिसे लेफ्ट मेन आर्टरी कहते हैं। हार्ट अटैक के कारण समस्या यह थी कि हार्ट का फंक्शन 15 से 20 प्रतिशत ही था। कार्डियक सर्जनों ने बताया कि बाइपास की संभावना काफी कम है। फिर मरीज का इलाज इम्पेला के माध्यम से करने एंजियोप्लास्टी की योजना बनाई गई। मरीज का आयुष्मान योजना से निश्शुल्क इलाज किया गया है।

**किडनी को गंभीर चोट से बचाती है**

डा. श्रीवास्तव ने बताया कि हृदय में एक बार स्थापित होने के बाद इम्पेला हृदय पंप चालू हो जाता है, जो बाएं वेंट्रिकल से रक्त खींचता है और इसे महाधमनी में छोड़ता है। बाएं वेंट्रिकल की यह सक्रिय %अनलोडिंग% मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाती है और मरीजों के दिल को आराम देते हुए किडनी को गंभीर चोट से बचाती है। डा. श्रीवास्तव ने बताया कि दाएं पैर की सहायता से हृदय की दाहिनी नस तक इम्पेला पहुंचा गया। बहुत कठिनाई के साथ माइक्रोकैथेटर, कोरोनरी गार्ड वायर का उपयोग करते हुए नस के उद्गम से अंतिम छोर तक रास्ता बनाया। इस दौरान मरीज को कोई समस्या नहीं आई क्योंकि उस दौरान यह पंप काम कर रहा था। मरीज प्रक्रिया के बाद बिल्कुल ठीक हो गया था इसलिए इम्पेला को पैर के रास्ते निकाल दिया गया। हृदय की बायीं नस, लेफ्ट मेन आर्टरी से एंजियोप्लास्टी की गई। मोटे वायर की सहायता से इम्पेला को बाएं तरफ से मरीज के हृदय तक पहुंचकर धमनियों के माध्यम से स्थापित किया गया। एक बार स्थापित होने के बाद इम्पेला हृदय पंप चालू हो जाता है।

# चार आइपीएस बनेंगे डीजी, डीजीपी की दौड़ में अरुणदेव गौतम आगे, जल्द हो सकते हैं बदलाव



**रायपुर।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पवन देव, अरुण देव गौतम, हिमांशु गुप्ता और एसआरपी कल्लूरी जल्द ही डीजी के पद पर पदोन्नत हो जाएंगे। दरअसल पदोन्नति की पात्रता रखने वाले ये चारों अधिकारी वर्तमान में एडीजी के पद पर कार्यरत हैं। जनवरी 2023 में 30 साल की सेवा पूरी करने पर ये डीजी पद के लिए पात्र हो जाएंगे। वहीं स्पेशल डीजी अभियोजन एवं एफएसएल के संचालक राजेश मिश्रा जनवरी 2024 में सेवानिवृत हो रहे हैं। चारों अफसरों के डीजी बनने के बाद किसी एक को डीजीपी और एक को स्पेशल डीजी बनाया जाएगा। वहीं अन्य को डीजी रैंक की जिम्मेदारी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद सेवानिवृत्त हो चुके डीजीपी अशोक जुनेजा (दो साल का कार्यकाल कांग्रेस सरकार ने बढ़ाया है) को हटाने की चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में डीजीपी की दौड़ में अरुण देव गौतम का नाम सबसे आगे है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से डीजीपी अशोक जुनेजा को हटाए जाने की चर्चा तेज हो गई है, हालांकि इस पर फैसला विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद ही लिया जाएगा। इसे देखते हुए पुलिस महकमे में संभावित फेरबदल की कवायद भी तेज हो गई। दरअसल वरिष्ठ आइपीएस पवन देव, अरुण देव गौतम, हिमांशु गुप्ता और एसआरपी कल्लूरी की पदोन्नति के बाद जेल, ईओडब्ल्यू, अभियोजन एवं एफएसएल से लेकर नक्सल में स्पेशल डीजी और डीजीपी के पद पर फेरबदल होना तय माना जा रहा है। वर्तमान में पवन देव छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन (सीजीपीएचसी), अरुण देव गौतम गृह विभाग के सचिव, हिमांशु गुप्ता मुख्यालय में एडीजी प्रशासन और एसआरपी कल्लूरी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में पदस्थ हैं। प्रदेश के पुलिस मुखिया अशोक जुनेजा के 30 जून 2022 को सेवानिवृत्त होने पर कांग्रेस सरकार ने उनको पद पर बनाए रखते हुए दो साल की सेवावृद्धि दी थी। उनकी सेवावृद्धि पांच अगस्त, 2024 तक है। उनकी अगुवाई में ही विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ है। 1989 बैच के आइपीएस अशोक जुनेजा 11 नवंबर, 2021 को डीजीपी बनाए गए थे। डीजीपी बनने की रेस में प्रदेश के पांच आइपीएस अफसरों का नाम प्रमुख रूप से लिया जा रहा है। इनमें से अरुण देव गौतम और एसआरपी कल्लूरी में से किसी एक को मौका मिल सकता है। 1992 बैच के अरुण देव गौतम सितंबर 2027 में सेवानिवृत होंगे। वहीं 1994 बैच के एसआरपी कल्लूरी की सेवानिवृत्ति वर्ष 2031 में है। दोनों वरिष्ठ अफसरों के लंबे कार्यकाल को देखते हुए पुलिस मुखिया बनाने पर विचार किया जा सकता है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में बस्तर रेंज के तेज तर्रार आइजी रहे एसआरपी कल्लूरी पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के करीबी अफसरों में गिने जाते रहे हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार के आने के बाद से लूप लाइन में डाल दिए गए। वर्तमान में वे पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में पदस्थ हैं, जबकि गृह विभाग के सचिव के पद काम कर रहे अरुण देव शांत स्वभाव के अफसरों में शुमार हैं।

# वाहन में तिरपाल लगाकर की जा रही थी मवेशियों की तस्करी



रायगढ़। वाहन में तिरपाल लगाकर पूरी तरह से ढ़ककर मवेशियों की तस्करी कर राज्य से बाहर ले जा रहे तस्करों को रैरूमाखुर्द पुलिस ने ससकोबा जंगल मे पकड़ा है। जिसमें आरोपित तस्कर वाहन छोड़कर भाग खड़े होने में सफल हो गए तो दूसरी ओर वाहन में बंद 21 नग मवेशियों को मुक्त कराकर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ससकोबा जंगल में कुछ लोग लाल रंग के आईचर गाड़ी में कृषक मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भर बगैर दाना पानी क्रूरता पूर्वक झारखंड बूचड़खाने ले जाया जा रहा है । मुखबिर सूचना की तस्दीकी और कार्रवाई के लिए चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ ससकोबा जंगल जाकर तस्करों की घेराबंदी किया गया। जहां पुलिस की घेराबंदी को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर भाग गये । आईशर वाहन 01 के डब्ल्यू 7855 में तिरपाल से ढक कर रखी हुई 21 कृषक मवेशियों को रैरूमाखुर्द पुलिस द्वारा मुक्त कराकर उनके चारा पानी की व्यवस्था किया गया । चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द पुलिस द्वारा आईशर वाहन जब्त कर वाहन के चालक और मालिक के विरूद्ध धारा 4, 6, 10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध दर्ज कर पतासाजी में लिया गया है । सम्पूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण कैवर्त, चिंतामणी कुर्रे, आरक्षक जोन प्रकाश टोप्पो, तुलसी नाग की अहम भूमिका रही है । एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर रैरूमाखुर्द पुलिस लगातार मवेशी तस्करों पर कार्यवाही की जा रही है ।

# वैष्णो देवी के बाद शिरडी पहुंचे शाहरुख खान बेटी सुहाना खान संग किए साईं बाबा के दर्शन

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान बृहस्पतिवार को बेटी सुहाना खान के साथ शिरडी में श्री साईबाबा समाधि मंदिर पहुंचे। शाहरुख, जम्मू के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा करने के दो दिन बाद महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी शहर में स्थित प्रसिद्ध साई मंदिर गए। शाहरुख और अभिनेत्री सुहाना के साथ अभिनेता की मैनेजर पूजा ददलानी भी थीं। वे मंदिर जाने के दौरान पुलिस और सुरक्षाकर्मियों के घेरे में थे। 'पठान और 'जवान जैसी हिट फिल्मों के बाद 'डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी और साल की आखिरी फिल्म है। राजकुमार हिरानी निर्देशित यह फिल्म कॉमेडी ड्रामा बताई जा रही है। फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। सुहाना (23) ने हाल में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म ''द आर्चीज से अभिनय के अपने करियर की शुरूआत की है। इससे पहले शाहरुख खान ने अपनी फिल्म 'डंकी के प्रदर्शन से पहले मंगलवार को माता वैष्णो देवी गुफा की यात्रा की। अभिनेता (58) को माता वैष्णो देवी - कटरा भवन के मार्ग में यात्रा करते देखा गया।



शाहरुख के साथ उनकी मैनेजर पूजा डडलानी और उनके सुरक्षा कर्मी थे। उनकी वैष्णो देवी की यह तीसरी यात्रा है। जम्मू के रियासी जिले में स्थित वैष्णो देवी मंदिर त्रिकुटा पर्वतीय क्षेत्र में स्थित एक तीर्थस्थल है जहां हर साल दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु आते हैं। 'पठान और 'जवान जैसी हिट फिल्मों के बाद 'डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी और साल की आखिरी फिल्म है। राजकुमार हिरानी निर्देशित यह फिल्म कॉमेडी ड्रामा बताई जा रही है। फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है।

# बेस्ट फ्रेंड की शादी में जमकर एंजॉय कर रही हैं आलिया भट्ट



**इंदौर।** बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। आलिया की नेचुरल ब्यूटी और बिंदास अंदाज हर किसी का दिल जीत लेता है। आलिया की फोटोज काफी लाइमलाइट में बनी रहती हैं। हाल ही में आलिया ने अपनी बेस्ट फ्रेंड की शादी की फोटोज शेयर की है। उन्होंने प्री वेडिंग फंक्शन्स को अटेंड किया। इस दौरान आलिया की नेचुरल ब्यूटी और एलिगेंट आउटफिट में हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। आलिया ने इन फंक्शन्स में खूब रंग जमाया। दरअसल, बुधवार रात आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज को देखकर कहा जा सकता है कि ये हल्दी फंक्शन की तस्वीरें हैं। आलिया ने इस दौरान पिंक कलर के सलवार सूट पहने थे, जिसमें वे बेहद ही खूबसूरत लग रही थीं। आलिया का नेचुरल लुक लोगों को काफी पसंद आ रहा है। वहीं, कुछ फोटोज में आलिया अपनी फ्रेंड्स के साथ इन फंक्शन्स को एंजॉय करती दिख रही हैं। आलिया ने इन फोटोज को शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा, दुल्हन के यार और ढेर सारा प्यार। अब ये फोटोज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई है। वहीं, इस साल आलिया को पहली बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में बेस्ट एक्ट्रेस के खिताब से नवाजा गया है। यह अवॉर्ड आलिया को फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए मिला है।

# 'एनिमल' में इंटीमेट सीन करने पर Tripti Dimri के पेरेंट्स ने दिया ऐसा रिएक्शन



**इंदौर।** बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी इस समय अपनी फिल्म एनिमल में एक सीन को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म के एक सीन से ही तृप्ति ने ऐसा कमाल किया कि उनके रातों-रात मिलियन में फॉलोअर्स बढ़ गए। दरअसल, तृप्ति ने एनिमल फिल्म में रणबीर कपूर के साथ कुछ इंटीमेट सीन दिए हैं, जिसको लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हुई है। वहीं, अब तृप्ति ने ये बताया है कि इंटीमेट सीन पर उनके माता-पिता ने कैसा रिएक्शन दिया था। बता दें कि तृप्ति डिमरी को बुलबुल और कला जैसी फिल्मों से काफी फेम मिली है। तृप्ति डिमरी की लाइफ का टर्निंग पॉइंट एनिमल फिल्म रही है। फिल्म में उन्होंने सेकेंड लीड का रोल निभाया है। इस रोल के बावजूद उन्होंने रश्मिका मंदाना से भी ज्यादा चर्चा बटोरी है। रणबीर कपूर के साथ तृप्ति के इंटीमेट सीन ने सभी को हैरान कर दिया है। इतना ही नहीं, एक्ट्रेस के माता-पिता ने भी काफी शॉकिंग रिएक्शन दिए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तृप्ति डिमरी ने इस बात का खुलासा किया है कि रणबीर कपूर के साथ इंटीमेट सीन देखने के बाद उनके माता-पिता काफी हैरान रह गए थे। तृप्ति ने कहा, मेरे माता-पिता थोड़े शॉक रह गए थे।

# बिग बॉस में आने से पहले दो लड़कियों के साथ रिलेशन में थे मुनव्वर फारुकी?

**इंदौर।** बिग बॉस 17% के कंटेस्टेंट और जाने-माने स्टैंड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी इस समय दर्शकों का अच्छा खासा मनोरंजन कर रहे हैं। बिग बॉस के घर में उनका गेम दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। वे घर में सभी के साथ अच्छा बॉन्ड शेयर करते दिखाई दे रहे हैं। मुनव्वर की प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ भी काफी सुर्खियों में रही है। बता दें कि मुनव्वर तलाकशुदा हैं और कई सालों से नाजिला सिताशी को डेट कर रहे हैं। उनका रिश्ता ऑफिशियल है, वे अपने सोशल मीडिया पर साथ में कई फोटोज शेयर करते हैं। वहीं, अब मुनव्वर को लेकर इन्फ्लुएंसर आयशा खान ने एक बड़ा खुलासा किया है। आयशा खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान इस बात का खुलासा किया है कि मुनव्वर फारुकी एक ही समय पर दो लड़कियों को डेट कर रहे थे। आयशा ने एक पॉडकास्ट में बिना नाम लिए



कहा है कि बिग बॉस में इस वक्त एक कंटेस्टेंट है, जिन्होंने उन्हें एक म्यूजिक वीडियो के लिए मुझे मैसेज किया था। मैंने म्यूजिक वीडियो के लिए हां कर लिया था। हालांकि. वीडियो, तो नहीं बन पाई, लेकिन उसे मुझसे प्यार हो गया था। धीरे-धीरे मैं भी उसे पसंद करने लगी थी। इसके बाद हम दोनों रिलेशनशिप में आए। मैं जानती थी कि वो रिलेशनशिप में हैं, लेकिन मुझे बताया गया था कि मेरा ब्रेकअप हो गया है। इसके आगे आयशा ने बताया कि, जब वो बिग बॉस 17 में जा रहा था, तो मैंने सोशल मीडिया पर उसकी गर्लफ्रेंड के साथ फोटो देखी। तब मुझे रियलाइज हुआ कि वो मेरे साथ होते हुए भी एक और लड़की को डेट कर रहा है। जब मैंने उसकी गर्लफ्रेंड से बात की, तो पता चला कि वो उससे शादी करेगा। जब वह बिग बॉस से बाहर आएगा। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया यूजर्स तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।

# सोने के भाव में जबरदस्त बढ़ोतरी, चांदी ने लगाई 2,350 रुपये की छलांग



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,130 रुपये उछलकर 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 2,350 रुपये की छलांग के साथ 77,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची। पिछले कारोबार में यह 75,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बाद बृहस्पतिवार को दिल्ली के बाजारों में सोने की कीमतें 1,130 रुपये बढ़कर 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 1,381 रुपये बढ़कर 62,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 3,393 रुपये उछलकर 74,925 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में सोना बढ़कर 2,032 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी उछाल के साथ 24 डॉलर प्रति औंस हो गई। कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,032 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 51 डॉलर की मजबूती को दर्शाता है। गांधी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यह संकेत दिए जाने के बाद कि उसका आक्रामक मौद्रिक रुख का अभियान समाप्त हो गया है, कॉमेक्स सोना 2.5 प्रतिशत तक उछल गया। उन्होंने कहा, इसके अलावा, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर इंडेक्स में गिरावट से भी सोने की कीमतों में तेजी आई।

# बाजार में चौतरफा तेजी से बढ़ रहा है सेंसेक्स, निफ्टी नए शिखर पर मुंबई



**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी आई बीएसई सेंसेक्स 929 अंक से अधिक उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने और अगले साल इसमें कटौती किये जाने के संकेत के बाद मुख्य रूप से आईटी, प्रौद्योगिकी और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से बाजार में उछाल आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 929.60 अंक यानी 1.34 प्रतिशत उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 70,514.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,018.29 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 256.35 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 21,182.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 21,210.90 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, नेस्ले, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, टाइटन और टाटा मोटर्स शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त में रहे थे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को लगातार तीसरी बार नीतिगत दर को यथावत रखा। इससे संकेत मिलता है कि महंगाई को काबू में लाने के लिए नीतिगत दर में वृद्धि का सिलसिला संभवतः थम गया है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने यह भी संकेत दिया कि अगले साल नीतिगत दर में कटौती की जा सकती है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में उत्साह बना रहा और फेडरल रिजर्व की उदार टिप्पणी के बीच दोनों मानक सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंच गए। बाजार को फेडरल रिजर्व के अगले साल नीतिगत दर में तीन बार कटौती के संकेत से समर्थन मिला। इसके अलावा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में में तेज गिरावट ने निवेशकों के भरोसे को मजबूत किया है। उन्होंने कहा, ''देश के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) अनुमान को बढ़ाने, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में नरमी और आरबीआई के मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने के निर्णय के साथ रियल्टी और आईटी शेयरों के बेहतर प्रदर्शन के दाम में बाजार में चौतरफा तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक लिवाल बने हुए हैं। उन्होंने बुधवार को 4,710.86 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.55 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 33.57 अंक और एनएसई निफ्टी 19.95 अंक मजबूत हुआ था।



## ऑडी, चार्जज़ोन ने मुंबई में शुरू किया 'अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग स्टेशन

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लग्ज़री कार विनिर्माता कंपनी ऑडी ने यहां बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में चार्जज़ोन के साथ मिलकर फास्ट चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया है। ऑडी इंडिया ने दावा किया है कि यह देश का पहला 'अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग स्टेशन है। इसकी कुल क्षमता 450 किलोवाट है, जो एक इलेक्ट्रिक वाहन को 360 किलोवाट बिजली प्रदान करता है। कंपनी के अनुसार, यह चार्जर 114 केडब्ल्यूएच बैटरी वाली ऑडी क्यू8 55 ई-ट्रॉन को सिर्फ 26 मिनट में 20 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज कर सकता है। इस मौके पर ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, '' ऑडी इंडिया द्वारा भारत का पहले अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग स्टेशन का शुरू करना, ग्राहकों के लिए एक व्यापक इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के हमारे प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## म्यूचुअल फंड में निवेशकों का बढ़ा भरोसा, SIP के जरिए निवेश किए 1.66 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश साल 2023 के पहले 11 महीनों में बढ़कर 1.66 लाख करोड़ रुपए हो गया। उद्योग निकाय एम्फी ने यह जानकारी दी है। एसआईपी के जरिए न्यूनतम निवेश की सीमा को 250 रुपए करने के सेबी के निर्णय से आने वाले समय में इस निवेश राशि में और उछाल आने की संभावना है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल नवंबर तक एसआईपी के जरिए किया गया कुल निवेश 1.66 लाख करोड़ रुपए रहा। यह राशि 2022 के समूचे साल में 1.5 लाख करोड़ रुपए, 2021 में 1.14 लाख करोड़ रुपए, 2020 में 97,000 करोड़ रुपए रही थी। मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य कारोबार अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने उम्मीद जताई कि समग्र एसआईपी भागीदारी में साल-दर-साल लगातार स्वस्थ दर से वृद्धि जारी रहेगी। उन्होंने कहा, ''उत्साही आर्थिक दृष्टिकोण और बढ़ी हुई बाजार भागीदारी के साथ एक अनुशासित और सुलभ निवेश विकल्प के रूप में एसआईपी को निवेशकों का साथ बने रहने की संभावना है।




# पंजाब समेत 12 राज्यों पर कर्ज का बोझ GSDP 35% तक होने का अंदेशा

**नई दिल्ली।** देश के हर तीन में से एक से अधिक राज्य या केंद्रशासित प्रदेश ने मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक अपना कर्ज सकल राज्य उत्पाद का 35त्न तक होने का अनुमान जताया है। ऐसे में आरबीआई ने 12 राज्यों के वित्तीय कुप्रबंधन पर चिंता जताई है। ये राज्य हैं- राजस्थान, पंजाब, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, पश्चिम बंगाल और नगालैंड। रबीआई ने हालिया सालाना रिपोर्ट में इन राज्यों को चेतावनी दी है कि गैर-जरूरी वस्तुओं और सेवाओं पर सब्सिडी देने और लोक-लुभावनी गारंटी के लिए कोई भी अतिरिक्त आवंटन नाजुक राजकोषीय स्थिति को खतरे में डाल सकता है। इससे पिछले दो साल में किए गए प्रयास बेकार हो सकते हैं। इन राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को 4त्न से अधिक होने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, किसी भी केंद्रशासित प्रदेश ने अपना कर्ज 35त्न से ऊपर जाने का अनुमान नहीं जताया है। उच्च कर्ज जाल से बाहर आने वाले राज्य- आंध्र प्रदेश, झारखंड, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश हैं। हालांकि, उत्तर प्रदेश को छोड़कर इनमें से प्रत्येक ने चालू वर्ष के अंत में भी अपना कर्ज GSDP के 30त्न को पार करने का अनुमान लगाया है। यूपी ने यह एक साल पहले के 30.7% से घटकर 28.6% तक लाने का अनुमान लगाया है।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)